तलाश | भोपाल स्टेशन मिला आखिरी लोकेशन, रात साढ़े 11 बजे बर्थ से उतरी थी युवती

# लापता युवती की तलाश में नर्मदा नदी में रेस्क्यू



**नवभारत, कटनी।** इंदौर बिलासपुर एक्सप्रेस से इंदौर से कटनी आ रही लापता हुई युवती की तलाश के लिए रविवार को नर्मदापुरम से निकली नर्मदा नदी के खर्राघाट में एसडीईआरएफ की टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। पूरे दिन चले रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान युवती का कहीं पता नहीं चला। युवती को कोच के अन्य यात्रियों ने भोपाल रेलवे स्टेशन तक देखा था। मोबाइल की आखिरी लोकेशन भी भोपाल की थी। रेल पुलिस ने अलग-अलग रेलवे स्टेशनों के सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लगा। परिजनों का कहना है कि युवती की अपर बर्थ थी। उसी बर्थ के नीचे के यात्री का कहना है कि 7 अगस्त की रात करीब 11.30 बजे युवती बर्थ से नीचे उतर रही थी, तब मुझे उनका पैर लगा था। उन्होंने मुझे सॉरी बोला और फिर टॉयलेट तरफ चली गई, फिर उन्होंने उसे नहीं देखा। परिजन का कहना है कि 11.30 बजे के आसपास ट्रेन बुधनी नर्मदापुरम के बीच में रहती है। नर्मदापुरम रेलवे स्टेशन के सीसीटीवी कैमरे भी देखे, लेकिन वो उतरते नहीं दिखाई दी। ऐसी आशंका है कि नर्मदा पुल से नीचे गिर गई होगी। लिहाजा युवती की नर्मदा नदी में सर्चिंग कराई गई है। पूरे दिन चली सर्चिंग के दौरान युवती नहीं मिली है। आपको बतादें कि कि रंगनाथ थाना क्षेत्र के मंगलनगर निवासी एक युवती इंदौर से कटनी आने के दौरान ट्रेन के एसी थ्री कोच से रहस्मयी तरीके से लापता हो गई है। परिजन से जब उसे लेने के लिए कटनी साउथ स्टेशन पहुंचे तब इस मामले की जानकारी उन्हें मिली। परिजनों ने जीआरपी थाने में शिकायत दर्ज कराई है। जिसके बाद मामले की जांच शुरू कर दी गई है। युवती इंदौर में रहकर प्रतियोगी परीक्षा के लिए तैयारी कर रही थी। परिजनों ने बताया कि उनकी बेटी इंदौर में रहकर सिविल जज की तैयारी कर रही थी। रक्षाबंधन के त्यौहार पर वह वापस आने के लिए इंदौर-बिलासपुर ट्रेन के एसी थ्री कोच में रिजर्वेशन कराया था। जिसके बाद वे सात अगस्त की शाम इंदौर-बिलासपुर एक्सप्रेस के एसी थ्री कोच की बर्थ नंबर तीन में सवार होकर कटनी आ रही थी। लेकिन इस बीच वह लापता हो गई।

## ई-केवाईसी नहीं कराने पर बंद जा जाएगी पेंशन

**नवभारत कटनी।** नगर निगम के योजना प्रभारी रविशंकर पांडेय ने बताया कि नगर निगम सीमान्तर्गत समस्त पेंशन हितग्राहियों को समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवाईसी नहीं कराई है वे तत्काल एमपी ऑनलाइन, नगर निगम जोनल कार्यालय, नगर निगम कार्यालय से संपर्क करते हुए समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी कराएं। इस संबंध में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर नगर निगम की पेंशन शाखा कक्ष क्रमांक 42 में संपर्क किया जा सकता है। योजना प्रभारी ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन, सामाजिक न्याय और दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, मंत्रालय द्वारा शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य कर दी गई है। ऐसा नहीं कराने पर पेंशन बंद हो सकती है।



# खेत में करंट लगने से युवक की मौत

बड़वारा थाना क्षेत्र के बरछेका गांव में हुई घटना

**नवभारत, कटनी।** जिले के बड़वारा थाना अंतर्गत बरछेका गांव में खेत पर काम करने गए एक 20 वर्षीय युवक करंट लगने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मर्ग प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

पुलिस ने बताया कि बड़वारा थाना क्षेत्र के बरछेका गांव निवासी सागर पिता विजय साहू रविवार दोपहर खेत में काम करने के लिए गया था।

इसी दौरान खेत में लगे बिजली के खंभे से अचानक करंट आ गया और उसकी चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गया।

परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टरों ने जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## मिठाई दुकानों से लिए गए सेंपल

**नवभारत कटनी।** आगामी त्योहारों के मद्देनजर ग्राहकों को साफ, स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री मिल सके, यह तय करने के लिए कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने शहर की कई खाद्य पदार्थों का विक्रय करने वाली दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जांच टीम ने खाद्य पदार्थों के नमूने भी लिए। जांच के दौरान देश भंडार स्वीट्स दुकान और इसके कारखाने से मिल्क केक, पेठा बर्फी, खोवा बर्फी, बादाम बर्फी, पंचरत्न नमकीन और कैडबरी सेलिब्रेशन समेत कुल 6 नमूने लिए गए। इसी प्रकार खोवा मंडी स्थित विजय खोवा भंडार से खोवा और पनीर का सैंपल लिया गया। वहीं शानू स्वीट्स से पेड़ा और मगज लड्डू के नमूने जांच के लिए लिए गए। लिए गए सेंपलों को जांच के लिए भेजा गया है।

### एक नजर में

## जिले की राजस्व सीमाओं से 6 महीने तक बाहर रहेगा आदतन अपराधी

**नवभारत, कटनी।** जिला दंडाधिकारी कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने कैमोर थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 13 अमरैयापार निवासी चंद्रप्रकाश लोनी के खिलाफ मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर आने वाले 6 माह के लिए जिले की राजस्व सीमाओं से बाहर जाने का आदेश जारी किया है। कलेक्टर ने यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर की है। उसके वर्ष 2019 से अब तक 7 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है। पुलिस द्वारा चंद्रप्रकाश के विरूद्ध समय-समय पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई, बावजूद इसके आचरण व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ। जिसके बाद जिला बदर की कार्रवाई कराई गई है।

# मेला स्थल पर चलाया गया विशेष सफाई अभियान

सड़कों से हटाए गए आवारा मवेशी हॉका गैंग ने चलाया अभियान



**नवभारत, कटनी।** कजलिया पर्व पर लगाए जा रहे मेले के अवसर पर मेला स्थल की विशेष साफ-सफाई कराई गई। इसके अलावा महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के निर्देश पर नगर निगम द्वारा शहर भर में सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान नगर के मुख्य मार्गों, बाजार क्षेत्रों, पूजा स्थलों, देवालयों, मेला स्थलों के आसपास की सड़कों की विशेष सफाई की गई। वहीं कचरा संग्रहण वाहनों की व्यवस्था की जाकर रहवासी और बाजार क्षेत्रों से कचरे के संग्रहण के कार्य सहित नाले नालियों की सफाई कराई जाकर सुगम पानी निकासी की व्यवस्था की गई। नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे ने बताया कि त्योहारों पर स्वच्छ और सुंदर शहर का माहौल बनाए रखने के उद्देश्य से सफाई मित्रों की टीमें तैनात की गई। आवारा मवेशियों पर नियंत्रण की कार्रवाई साहित नगर निगम की अन्य आवश्यक व्यवस्था को सुचारू रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए है। नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि रविवार को कजलिया पर्व के मद्देनजर गाटर घाट और लल्लू भैया की तलैया मेला स्थल सहित नगर के मोहन घाट, मसुरहाघाट सहित पहुंच मार्गों की विशेष सफाई कराकर कीटनाशक का छिड़काव किया गया। वहीं हांका गैंग द्वारा आवारा मवेशियों के विचरण को हटाने की कार्रवाई की गई है। इसके अलावा बस स्टैंड में आने-जाने वाले यात्रियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए बस स्टैंड परिसर, यात्री प्रतीक्षालय, सहित पुलिस लाइन झिंझरी ग्राउंड, आदर्श कालोनी सहित नगरीय और उपनगरीय वार्डों सहित मुख्य मार्गों में भी सफाई कार्य कराया गया।



## देवरी मंगेला पंचायत सचिव को किया गया निलंबित

**नवभारत उमरियापान।** जिले के ढीमरखेड़ा विकासखंड की ग्राम देवरी मंगेला पंचायत सचिव संदीप अग्रहरि को कार्य में लापरवाही, वित्तीय अनियमितता के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। कार्रवाई जिला पंचायत के परियोजना अधिकारी के जांच प्रतिवेदन के आधार पर की गई है। इससे पहले ग्राम पंचायत सचिव संदीप अग्रहरि को नोटिस जारी किया गया था। जिसका जवाब भी ग्राम पंचायत सचिव ने दिया। लेकिन जवाब संतोषजनक नहीं होने के कारण ग्राम पंचायत सचिव को निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में ग्राम पंचायत सचिव संदीप अग्रहरि का मुख्यालय जनपद पंचायत ढीमरखेडा नियत किया गया हैं। ग्राम पंचायत सचिव को निलंबन अवधी में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा।

# तीन उर्वरक खाद-बीज विक्रेताओं के लायसेंस निलंबित

**नवभारत कटनी।** उर्वरक की कालाबाजारी, अवैध भंडारण, टैगिंग, मिस ब्रांडिंग, अवैध परिवहन पर कार्रवाई करने के लिए कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा गठित गई अधिकारियों की टी दस्तावेज नहीं दिखाने और उर्वरक भंडारण गोदाम का निरीक्षण नहीं कराने, शासकीय कार्य में बाधा डालने वाले जिले के तीन उर्वरक विक्रेताओं के उर्वरक विक्रय प्राधिकार पत्र लायसेंस को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिए गए हैं। जिन उर्वरक विक्रेताओं की फर्मों के खिलाफ कार्रवाई की गई उनमें बड़वारा विकासखंड के बरही तहसील के खितौली गांव मेसर्स भोलेनाथ गुप्ता, खितौली मेसर्स विनोद गुप्ता, खितौली की मेसर्स हनुमान बीज भंडार का नाम शामिल है।

धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED
डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन
दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।
सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, नि:संतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलीसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।
डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी) सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ
आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का नि:शुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024

17 वर्ष का चिकित्सकीय अनुभव
आज की जरूरत है होम्योपैथिक चिकित्सा
हो जाएं जब सब जगह से निराश Cure Zone जगाए आस
www.curezon.com
क्या आप ऐलोपैथिक, आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के द्वारा इलाज से उचित लाभ नहीं ले पा रहे हैं? तो आज ही अपनी विभिन्न शारीरिक एवं मानसिक परेशानियों के लिए संपर्क करे।
क्योर जोन
होम्योपैथिक क्लीनिक एवं मनोवैज्ञानिक परामर्श केन्द्र
Dr.V.B.Khare
डॉ. व्ही. बी. खरे
M.A.Psych., B.Sc. B.H.M.S.,C.C.H., P.G.D.P.C., D.N.Y.S.
(होम्योपैथिक विशेषज्ञ एवं मनोवैज्ञानिक सलाहकार)
डॉ. अनुभा खरे
B.H.M.S.,D.N.Y.S., C.C.H
(होम्योपैथिक एवं सौंदर्य विशेषज्ञ)
चर्मरोग, वात रोग, बार-बार पथरी होना, किडनी के रोग, माइग्रेन, बालो का झड़ना, बच्चों के रोग, महिलाओं के रोग, यौन रोग, लकवा, मोटापा, थाइराइड प्राब्लम, PCOD, किसी भी प्रकार की गॉंठ, बवासीर एवं सभी प्रकार की शारीरिक एवं मानसिक आघात की चिकित्सा व मानसिक रोग, डिप्रेशन, तनाव आदि के उपचार के लिए संपर्क करें।
मोहन टॉकीज के पीछे, शुभ श्री टेलर के सामने, फर्स्ट फ्लोर, कटनी (म.प्र.)
फोन- 9406540935, 7067230030, 07622-408111

# जजर्र स्थिति में पहुंचा 30 साल पुराना पुल, हर समय हादसे की आशंका

सिलौंड़ी और नेगई को जोड़ने वाले पुल में गड्ढों से हो रही परेशानी



**नवभारत उमरियापान।** जिले के ढीमरखेड़ा विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम सिलौंडी और नेगई को जोड़ने वाला पुल करीब 30 साल पुराना है और पुल में बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण आए दिन वाहनों चालकों को परेशानी हो रही है।

युवा कांग्रेस कमेटी के ब्लाक उपाध्यक्ष शिवा नामदेव ने बताया कि उन्होंने कई बार ग्राम के सरपंच और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों का इस ओर ध्यान आकृष्ट कराया गया, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। शिवा नामदेव ने बताया कि पुल की ऊंचाई बहुत कम है, जिसके कारण थोड़ी सी बारिश में जलभराव की समस्या बनी रहती हैं।

पुल में बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण कई बार वाहन फंस जाते हैं, जिससे राहगीरों को आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। शिवा नामदेव ने बताया कि सुबह एक वाहन पुल पर गहरे गड्ढे में फंस गया और काफी मुश्किल से उसे निकाला गया। युवा कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक उपाध्यक्ष शिवा नामदेव ने बताया कि पुल की बदहाली को लेकर हाल ही में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव को ज्ञापन दिया गया था लेकिन अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिया गया।

ज्ञापन दिए जाने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं होना प्रशासन की लापरवाही को दर्शाता है। शिवा नामदेव ने बताया कि 30 साल पुराना पुल अब अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता के कारण उसकी मरम्मत नही कराई जा रही है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से नए पुल निर्माण की मांग की है।

# पेड़ों को राखी बांधकर हरियाली की रक्षा का लिया संकल्प

सिलौड़ी उप तहसील भवन में स्थित नर्सरी में किया गया आयोजन



**नवभारत, उमरियापान।** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर प्रकृति की रक्षा और पर्यावरण संरक्षण का अनोखा संदेश देते हुए, सिलौंडी उप तहसील भवन स्थित नर्सरी और ग्राम पंचायत अतरसुमा की हल्का नर्सरी में पेड़ों को राखी बांधने का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। वर्ष 2022 में सिलौंडी उप तहसील में लगाए गए 400 पौधे आज भी हरे-भरे खड़े हैं, जो मेहनत, देखभाल और समर्पण का जीवंत प्रमाण हैं । नर्सरी के संरक्षक और सचिव कुंज बिहारी चनपुरिया ने बताया कि वर्ष 2007 से यह परंपरा निरंतर निभाई जा रही है। हर रक्षाबंधन पर पेड़ों को राखी बांधकर उनकी सुरक्षा का वचन लिया जाता है। हल्का नर्सरी में लगभग 3500 पौधों से हरियाली और जीवन का संदेश फैल रहा है। इस अवसर पर संरक्षक कुंज बिहारी चनपुरिया, सिलौंडी पंचायत के उपसरपंच राहुल राय, जनशिक्षक संतोष बर्मन, सरपंच सुशील परस्ते, पंच श्याम दत्त राय, आयुष्मान हॉस्पिटल सिहोरा संचालक से अतुल चनपुरिया, सोशल मीडिया प्रभारी धीरज जैन और सुभाष सोनी ने पेड़ों को राखी बांधकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

## जिले में अब तक 762 मिलीमीटर हुई बारिश

**नवभारत कटनी।** जिले में 1 जून से 9 अगस्त तक 762.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस वर्ष रीठी तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 987 मिलीमीटर वर्षा हुई है। बीते वर्ष अब तक 716.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 6.4 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू अभिलेख अधीक्षक अमृता गर्ग ने बताया कि जिले में अब तक कटनी तहसील में 800.2, रीठी में 987, बड़वारा में 659, बरही में 706, विजयराघवगढ़ में 730, बहोरीबंद में 680.4, स्लीमनाबाद में 846.2 और ढीमरखेड़ा में 689 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

धर्म | नदी घाट पर किया गया दीपदान और आरती का आयोजन, काफी संख्या में मौजूद रहे श्रद्धालु

# झूलेलाल चालीहा महोत्सव में भक्ति और संस्कृति की गूंज



**नवभारत, कटनी।** गुरूनानक वार्ड स्थित श्री झूलेलाल मंदिर में चल रहे 40 दिवसीय भगवान झूलेलाल चालीहा महोत्सव के अवसर पर झूलेलाल चालिहा समिति द्वारा रोजाना विविध, धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला लगातार जारी है। समाजसेवी संजय खूबचंदानी ने बताया कि रविवार को जल देवता के पूजन की श्रृंखला के तहत रविवार को काफी संख्या में श्रद्धालुओं उपस्थिति में आखो पल्लव आरती और दीपदान के बाद 11 बजे से झूलेलाल सेवा सम्मति के सहयोग से पूरे देश में विख्यात शहर की सुप्रसिद्ध मंडली के उदासी बंधुओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। भाई गोवर्धन, दिलीप उदासी के भजनों पर श्रद्धालु मंत्र मुग्ध हो गए और उनके भजनों की धुन भाव विभोर होकर झूमते नजर आए। बालक मंडली द्वारा उहो हतह मथे करे, मुहिंजी बेड़ी अथाई वीच सीर तै, आयोलाल झूलेलाल पले वारो झूलेलाल भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अंत में पल्लव के बाद प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष चंदू लाल जादवानी, त्रिलोकचंद भोजवानी, पूर्व अध्यक्ष मोहन बत्रा ,हरीश बहलानी, नेवंदराम खूबचंदानी, अमर चेतवानी, महेश बहलानी, जीयंदराय पंजवानी, मोहन बजाज, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, पूर्व भाजपा ज़िलाअध्यक्ष रामरतन पायल, पार्षद अवकाश जयसवाल, पार्षद बिट्टू अहमद, पार्षद गोविंद चावला, पार्षद ईश्वर बहरानी, शांतिनगर पंचायत अध्यक्ष अशोक चेलानी, ठाकुरदास रंगलनी, जेरामदास पंजवानी, राजकुमार नानकानी, राजा जगवानी, सुरेश गांधी, वीरेंद्र लालवानी, राजकुमार खीयानी, मेंघराज खूबचंदानी, सुनील हसीजा, मोहन रोहरा, राजेश खूबचंदानी सहित अन्य की उपस्थिति रही।

महापौर प्रीति संजीव सूरी
एवं निगम परिषद के सफलतम तीन वर्ष पूर्ण होने पर बधाई-शुभकामनाएं
सक्षम नेतृत्व से बदली है तस्वीर
प्रयासों से दूर हुआ जल संकट, तीन वर्षों में नगरवासियों को मिली राहत
शहर के सभी 45 वार्डों में जनसुनवाई
जनसुविधा के लिए महापौर हेल्पलाइन
कार्य गुणवत्ता के लिए ई-ऑफिस की व्यवस्था
पर्यावरण संरक्षण के लिए सघन वृक्षारोपण
10 करोड़ की लागत से नवीन कार्यालय भवन की योजना
नवीन कमर्शियल काम्प्लेक्स से व्यवसाय को मिलेगी गति
ट्रांसपोर्ट नगर को पूरी तरह किया जा रहा व्यवस्थित
नगर निगम कटनी के प्रमुख विकास कार्य, जिन्होंने बदली शहर की सूरत
[उपलब्धि: 15 सालों से चली आ रही जगन्नाथ चौक-घंटाघर रोड चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण की ओर अग्रसर।
01. पुरानी चौपाटी में पक्की दुकानें निर्माणाधीन।
02. वेंकट वार्ड में 1 करोड़ 10 लाख की लागत से निषाद विद्यालय भवन का निर्माण।
03. प्रधानमंत्री आवास योजना में लगभग 6669 हितग्राहियों को आवास एवं प्रेमनगर में 32 दुकानों का निर्माण कार्य पूर्ण।
04. रिवर फ्रंट योजना में लगभग 8 करोड़ की लागत से कटाएघाट, मोहन घाट एवं मसुरहा घाट का सौंदर्यीकरण।
05. झिंझरी में नवीन बस स्टेंड निर्माणाधीन।
06. 100 करोड़ से अधिक की लागत से शहर के वार्डों में हुए सड़क नाली के कार्य
07. सीवर लाईन विस्तार का कार्य।
08. सुरम्य पार्क का सौंदर्यीकरण
09. स्वीमिंग पूल का पुनः संचालन।
10. सेल्फी प्वाइंट।
11. अमीरगंज तालाब कायाकल्प।
12. कलेक्ट्रेट के सामने शापिंग काम्पलेक्स का निर्माण।
13. संबल योजना में पात्र हितग्राहियों को विगत तीन वर्षों में ढाई करोड़ से अधिक की सहायता राशि।
14. शहर के सभी 45 वार्डों में समस्या निवारण शिविरों का आयोजन।
प्रस्तावित कार्य
1. गुलाब चंद स्कूल में 2 करोड़ की लागत से सर्वसुविधायुक्त स्कूल भवन निर्माण प्रस्तावित
2. इलेक्ट्रानिक बसों का संचालन
3. अमृत योजना : 50 करोड़ रूपये की लागत से नई पाईप लाइन विस्तार एवं नवीन टंकियों का निर्माण
4. लगभग 40 करोड़ की लागत से सीवर लाइन -2
5. अमीरगंज में एक करोड़ से अधिक की लागत से पार्क का निर्माण
6. रचना नगर में ओपन सब्जी मंडी
7. शहर एवं वार्डों में लगभग 50 करोड़ के कार्य
08. मुख्य मार्गों एवं चौराहों का सौन्दर्यीकरण
सौन्दर्यीकरण
घंटाघर सड़क
नवनिर्मित बस स्टैंड
लबालब कटाएघाट बैराज
स्वीमिंग पूल का पुन: संचालन
निषाद स्कूल का नया भवन
हमारा संकल्प
हर नागरिक तक समय पर पहुंचे शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ
सुभाष शिब्बू साहू सदस्य, एमआईसी
सुरेन्द्र गुप्ता सदस्य, एमआईसी
डॉ. रमेश सोनी सदस्य, एमआईसी
श्रीमती बीना बैनर्जी सदस्य, एमआईसी
सुमन माखीजा सदस्य, एमआईसी
तुलसा गुलाब बेन सदस्य, एमआईसी
जय नारायण निषाद सदस्य, एमआईसी
गोविन्द चावला सदस्य, एमआईसी
धन्यवाद-भाजपा
आभार-प्रदेश सरकार
शुभेच्छु
मनोज बवेले मित्र मंडली, कटनी